तापमान
अधिकतम 37 .5 डिग्री से.
न्यूनतम 20 .5 डिग्री से.

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

14 फसल अवशेषों को जलाने की बजाय बेहतर प्रबंधन ...



14 सफाई कर्मी के आकस्मिक निधन पर परिवार ...



खबर संक्षेप



नशातस्करी का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

यमुनानगर। करीब डेढ़ महीने पहले 45 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किए गए नशातस्कर मामले में पुलिस ने मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी। एंटी नारकोटिक्स सेल के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि गत 21 अगस्त को सूचना के आधार पर उनकी सेल की टीम ने बैंक कालोनी निवासी राहुल को 45 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया था। इस दौरान पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो उसने बताया था कि वह यूपी के गांव दुमझेड़ा निवासी नौशाद से लेकर आया है। तभी से एंटी नारोटिक्स सेल की टीम आरोपी नौशाद की तलाश कर रही थी। इसी तलाश के दौरान सेल की टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी मुख्य सप्लायर नौशाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

ऑनलाइन निवेश के नाम पर 24 लाख की धोखाधड़ी

यमुनानगर। ऑनलाइन निवेश में कम समय में मोटा मुनाफा देने का झांसा देकर करीब 24 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। व्यासपुर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति-पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धोबी मोहल्ला निवासी अर्पित ने बताया कि वह साथियों दीपक कुमार, कर्ण गोदयाल और संदीप कुमार के साथ ऑनलाइन निवेश का विकल्प तलाश रहा था। इसी दौरान उसकी पहचान विक्रम और उसकी पत्नी अनीता देवी से हुई। आरोप है कि दोनों ने एलटीवा लाइव वेबसाइट के जरिए निवेश पर अधिक रिटर्न का भरोसा दिलाया। 16 सितंबर 2025 से 30 जनवरी के बीच अलग-अलग समय पर करीब 24 लाख रुपये जमा करवाए गए। रकम और मुनाफा वापस मांगने पर परेशानी हुई। पुलिस लेनदेन और अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है।

कार की टक्कर से दंपति और 7 वर्षीय बेटा घायल

यमुनानगर। रादौर-जठलाना मार्ग पर गांव माधोबांस के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपति और उनका सात वर्षीय बेटा घायल हो गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मंधार निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह पत्नी रजनेश और बेटे यश के साथ मोटरसाइकिल से रादौर से घर लौट रहा था। माधोबांस के पास पुलिया से आगे पहुंचने पर सामने से आ रही काले रंग की वेन्यू कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इसके बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

न्यू मखीजा कॉलोनी के खेत में मिला युवक का शव

पानीपत। न्यू मखीजा कॉलोनी में खेत में करीब 28-30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से हडक्रंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 के माध्यम से पुलिस मौके पर पहुंची। मॉडल टाउन थाना पुलिस, तीनों सीआईए शाखाओं और साइबर सेल ने मौके से साक्ष्य जुटाए। जांच में युवक के सिर पर भारी या धारदार वस्तु से चोट के निशान तथा शव को घसीटे जाने के सुराग मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि हत्या कहीं और कर शव यहां फेंका गया हो सकता है। पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

व्यासपुर अनाज मंडी में किसानों ने किया धरना-प्रदर्शन

यमुनानगर में धान उठान न होने पर किसानों ने मंडी गेट पर जड़ा ताला

नमी जांच में अलग-अलग रीडिंग आने पर उठाए सवाल

- मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ी किसानों की फसल
- उठान जल्द नहीं हुआ तो आर पार की लड़ाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर






यमुनानगर। भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष गुरमेज कपूरी के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन करते किसान एवं व्यासपुर की अनाज मंडी के गेट पर ताला जड़ते हुए।

भारतीय किसान यूनियन ने व्यासपुर की अनाज मंडी में धान का उठान नहीं होने के विरोध में मंडी गेट के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने मंडी के गेट को ताला जड़ दिया। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने सरकार व संबंधित प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलते ही पुलिस व अन्य अधिकारियों ने पहुंचकर किसी तरह किसानों को समझाकर शांत किया। बुधवार सुबह भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले सैंकड़ो किसान जिला उपाध्यक्ष गुरमेज कपूरी के नेतृत्व में व्यासपुर की अनाज मंडी के गेट पर एकत्र हो गए और धरना प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान किसानों ने मार्केट कमेटी के कार्यालय में अधिकारियों से मिलने का प्रयास किया। मगर मार्केट कमेटी कार्यालय में किसी अधिकारी ने उनसे बात नहीं की। जिसके बाद किसानों ने मंडी के गेट को ताला जड़ दिया और गेट के समक्ष धरना प्रदर्शन करने लगे। भाकियू के जिला उपाध्यक्ष गुरमेज कपूरी ने बताया कि मंडी में किसानों की फसल खुले आसमान के नीचे पड़ी है। शेड के नीचे खरीदी जा चुकी फसल रखी है। लेकिन उसका उठाान नहीं हो रहा है। ऐसे में किसानों को मजबूरी में अपने धान को बेचने के लिए खुले आसमान के नीचे रखना पड़ रहा है। बारिश होने के कारण खुले में पड़ी फसल भीगकर नष्ट हो सकती है। जिससे किसानों को भारी नुक्सान हो सकता है। मगर प्रशासन द्वारा किसानों की सुनवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसान करीब छह महीने तक अपना खून पसीना बहाकर फसल को पैदा करता है। ताकि फसल बिकने पर उनके परिवार खुशहाल बन सकें। मगर अनाज मंडियों में पहले से खरीदी गई धान के ढेर लगने होने से किसानों को मंडियों में धान की फसल बेचने के लिए जगह नहीं मिल रही है। यदि मंडी से धान का उठान नहीं हुआ तो किसान आरपार की लड़ाई लड़ने पर मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने धान की नमी की जांच को लेकर भी सवाल खड़े किए। भाकियू के जिला उपाध्यक्ष गुरमेज कपूरी ने आरोप लगाया कि मार्केट कमेटी की मशीन और आढ़ती की मशीन से धान की नमी की अलग अलग रीडिंग आ रही हैं। किसानों का कहना है कि नमी को लेकर स्पष्टता नहीं होने से भी उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और कम दामों में धान की फसल खरीदी जा रही है।

किसानों के हित में समय से पहले शुरू हुई धान खरीद : राणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसानों के हित में प्रदेश में धान की खरीद निर्धारित समय से पहले 29 सितंबर से शुरू कर दी गई है। खरीद प्रक्रिया 15 नवंबर तक चलेगी। मंत्री बुधवार को लाडवा और बाबैन अनाज मंडियों के दौरे पर थे। उन्होंने किसानों, आढ़तियों, राइस मिलरों, व्यापारियों और अधिकारियों से बातचीत कर खरीद व्यवस्था की जानकारी ली तथा अधिकारियों के सामने धान की नमी की जांच भी करवाई।उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने इस वर्ष सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2441 रुपये और ग्रेड-ए धान का 2461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। प्रदेश की 249 मंडियों व खरीद केंद्रों पर धान की खरीद की जा रही है। पारदर्शिता के लिए सभी मंडियों और खरीद केंद्रों को जियो-फेंसिंग सुविधा से जोड़ा गया है।

ट्रेन की चपेट में आने के बाद नहर में गिरने की आशंका, तलाश जारी

करनाल। करनाल में बुधवार दोपहर एकता एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति के नहर में गिरने की आशंका जताई गई है। घटना के बाद मौके पर केवल खून के छींटे और मांस के कुछ टुकड़े मिले।

- ट्रैक पर मिले खून के छींटे और मांस के टुकड़े

जीआरपी मृतक की पहचान नहीं कर सकी है और यह भी स्पष्ट नहीं है कि ट्रेन की चपेट में महिला आई या पुरुष। पश्चिमी यमुना नहर में गोताखोरों की मदद से तलाश जारी है। जीआरपी को लोको पायलट ने सूचना दी कि ट्रैक पर कोई व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आया है। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची और आसपास जांच की। घटनास्थल पर शरीर का कोई ऐसा हिस्सा नहीं मिला, जिससे पहचान हो सके। जीआरपी की जांच अधिकारी सीमा रानी के अनुसार, लोको पायलट ने व्यक्ति को ट्रेन से टकराते देखा था।



कुरुक्षेत्र। गांव मंगोली जाटान में शोक प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी।

सीएम ने बालक राम सैनी के निधन पर शोक व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को अपने पैतृक गांव मंगौली जाटान पहुंचे और 75 वर्षीय बालक राम सैनी के निधन पर उनके परिवार से मिलकर शोक व्यक्त किया। बालक राम सैनी का 26 सितंबर को निधन हुआ था और वे मुख्यमंत्री के पारिवारिक सदस्य व रिश्ते में उनके चाचा लगते थे। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा परिवार उनके साथ खड़ा है। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, एसडीएम राजेश कुमार सोनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कनाडा में नौकरी दिलाने के नाम पर 50 लाख की ठगी

करनाल। कनाडा में नौकरी और परिवार को स्थायी निवास दिलाने के नाम पर करनाल निवासी से करीब 50 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि चंडीगढ़ स्थित एक्सप्रेस एंट्री इमिग्रेशन कंपनी ने अलग-अलग चरणों में रकम लेने के बाद कथित फर्जी दस्तावेज दिए। रकम लौटाने के लिए दिए 14-14 लाख रुपये के दो चेक भी बाउंस हो गए। फूसगढ़ निवासी राजिंद्र के अनुसार, कंपनी ने कनाडा में एलएमआईए के जरिए वर्क परमिट और परिवार का स्थायी निवास दिलाने का भरोसा देकर अप्रैल 2025 से विभिन्न चरणों में रकम ली। बाद में फेडरल कोर्ट में अपील और वकील की फीस के नाम पर भी भुगतान कराया गया। दस्तावेजों में गलतियां मिलने पर शक हुआ। जेएमआईसी रितिका शर्मा के आदेश पर पुलिस ने कंपनी मालिक डेविड अरोड़ा, मनदीप अरोड़ा और कर्मचारियों गुरदीप व सैम के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पानीपतः 90 फीट का रावण, 85-85 फीट के कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले होंगे आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री कृष्णा क्लब की ओर से 19 और 20 अक्टूबर को दशहरा ग्राउंड, सेक्टर-24 हुड्डा में दो दिवसीय दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। क्लब के प्रधान वीरेंद्र गुप्ता, अजय सिंगला और क्लब मैनेजर पुनीत बतरा ने बताया कि आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और सदस्यों की अलग-अलग व्यवस्थाओं में ड्यूटी लगाई गई है।इस बार महोत्सव में 90 फीट ऊंचे रावण तथा 85-85 फीट ऊंचे कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले आकर्षण का केंद्र रहेंगे। 19 अक्टूबर को शाम 5 बजे ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। शाम 7 बजे सुंदरकांड की प्रस्तुति होगी। रात 8:30 बजे लंका दहन और 8:40 बजे विशेष लाइटिंग व आतिशबाजी की जाएगी। 20 अक्टूबर को सुबह 8 बजे गणेश वंदना होगी और श्रद्धालु दोपहर 3 बजे तक गणेश स्वरूप के दर्शन कर सकेंगे। शाम 5:40 बजे सामूहिक प्रार्थना होगी, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। शाम 5:50 बजे भगवान श्रीराम का प्रकटीकरण और 5:53 बजे रावण वध व दहन होगा। आयोजकों के अनुसार करीब 70 हनुमान सभाओं का पंजीकरण हो चुका है और 170 से 200 सभाओं के शामिल होने की संभावना है।

- 19-20 अक्टूबर को होगा भव्य दशहरा महोत्सव



पानीपत। श्री कृष्णा क्लब द्वारा तैयार कराए जा रहे पुतले।

कुवि में अंतर महाविद्यालयी बॉक्सिंग चैंपियनशिप शुरू

कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

सफलता के लिए जुनून, कड़ी मेहनत आत्मविश्वास और अनुशासन आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालयी पुरुष एवं महिला बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का शुभारंभ मंगलवार को विश्वविद्यालय के खेल प्रांगण में हुआ। 6 से 8 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल ने अपने विद्यार्थी जीवन के दौरान खेलों से जुड़े अनुभव खिलाड़ियों के साथ साझा किए। बॉक्सिंग एक अनुशासित, साहसिक और लोकप्रिय खेल है, जिसमें सफलता प्राप्त करने के लिए जुनून, कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और अनुशासन आवश्यक हैं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खिलाड़ी अनुशासित जीवन जीते हैं और निरंतर मेहनत एवं ईमानदारी के साथ अपनी प्रतिभा को निखारते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में हरियाणा सरकार के सहयोग से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में बॉक्सिंग के लिए एक्सीलेंस सेंटर स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में वॉलीबॉल और हॉकी के लिए भी एक्सीलेंस सेंटर विकसित किए जाएंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच राजेश कुमार राजौंद ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के लिए कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल तथा खेल निदेशक प्रो. डीएस राणा के सहयोग का आभार व यक्त किया।



कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल।

प्रो. जितेंद्र शर्मा ने संभाला कुवि के डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट का कार्यभार

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार बायोटेक्नोलॉजी विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. जितेंद्र शर्मा ने बुधवार को डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट का कार्यभार संभाला। लोक संपर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि अधिसूचना के अनुसार उनकी नियुक्ति 7 अक्टूबर 2026 से दो वर्ष अथवा आगामी आदेश तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी। डॉ. शर्मा ने नई जिम्मेदारी सौंपने के लिए कुलगुरु का आभार जताया। उन्होंने कहा कि शोध को बढ़ावा देने, शोधार्थियों और शिक्षकों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने तथा शोध परियोजनाओं और अकादमिक गतिविधियों को गति देने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई शिक्षक और अधिकारी मौजूद रहे।

ब्राह्मण माजरा के पास वारदात को दिया था अंजाम

हथियार के बल पर लूटपाट में तीन और आरोपी गिरफ्तार



अंबाला। स्नैचिंग, चोरी और लूटपाट की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए-नारायणगढ़ की टीम ने गांव ब्राह्मण माजरा के पास हथियार के बल पर लूटपाट के मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।परिवादी शुभम ने 12 सितंबर 2026 को पुलिस को शिकायत दी थी कि गांव ब्राह्मण माजरा के पास बदमाशों ने उसे और उसके संबंधी को हथियार के बल पर बंधक बना लिया। आरोपियों ने उनका मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल तथा महिला के कान की सोने की बाली और नोजपिन लूट ली और मौके से फरार हो गए। शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच सीआईए-नारायणगढ़ को सौंपी गई थी।जांच टीम प्रभारी उप निरीक्षक कर्मबीर सिंह ने बताया कि ठोस साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पहले पटियाला निवासी रजत बलू और देवेंद्र सिंह उर्फ बब्बू को गिरफ्तार किया था। अब तीन अन्य मुख्य आरोपियों पटियाला निवासी भूपिंद्र सिंह उर्फ रिंकू, प्रिंस और लवदीप उर्फ लंबूके को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

दादा की संपत्ति के लिए पोतों ने बेटा दर्शाकर कराया इंतकाल

कोर्ट के आदेश पर दो भाइयों व अधिकारियों पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

दादा की संपत्ति हड़पने के लिए जाली दस्तावेज तैयार कर राजस्व अधिकारियों से मिलीभगत करने और खुद को पोते की जगह बेटा दर्शाकर इंतकाल दर्ज कराने का मामला सामने आया है। अदालत के आदेश पर पुलिस ने दो भाइयों और संबंधित राजस्व अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।रामपुर निवासी प्रदीप कुमार ने अदालत में अर्जी देकर बताया कि उनके दादा बछना राम के नाम मौजा कक्कड़ माजरा में जमीन थी। दादा ने 31 दिसंबर 2013 को वसीयत तैयार कर प्रदीप कुमार के नाम संपत्ति का म्यूटेशन करवाया था। आरोप है कि कुलदीप सिंह और राजेंद्र सिंह, जो बछना राम के पोते हैं, ने राजस्व अधिकारियों से मिलीभगत कर रिकॉर्ड में खुद को उनका बेटा दर्शाकर अपने पक्ष में इंतकाल दर्ज करा लिया। राजेंद्र ने पहचान छिपाने के लिए आधार कार्ड में नाम बदलकर परवीन भी कर लिया। फर्जीवाड़े का पता चलने पर प्रदीप ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर अदालत का रुख किया। जेएमआईसी डॉ. जितेंद्र कुमार के आदेश पर पुलिस ने अमानत में खयानत, धोखाधड़ी, जालसाजी साजिश समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

सोने की ईंट दबी होने का झांसा देकर 14.60 लाख ठगने वाला काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



थाना शहजादपुर पुलिस ने एक शातिर ठग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सुनियोजित साजिश के तहत पीड़ित के घर में सोने-चांदी की ईंटें दबी होने का झूठा झांसा देकर 14 लाख 60 हजार रुपये की ठगी की थी। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक नारायण सिंह ने बताया कि परिवादी अजय निवासी गांव पतरेहड़ीने 19 मार्च 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित के अनुसार 13 अगस्त 2025 से 23 अगस्त 2025 के बीच आरोपी अब्दुल वाजिद और उसके अन्य साथियों ने आपस में मिलीभगत कर एक गहरी साजिश रची। आरोपियों ने पूरी प्लानिंग के साथ पीड़ित को यह विश्वास दिलाया कि उसके घर में सोने और चांदी की ईंटें दबी हुई हैं। इस झांसे में लेकर उससे धोखे से 14,60,000/- रुपये की भारी-भरकम रकम हड़प ली। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर गहन जांच शुरू की। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए 25 जून 2026 को इस मामले में संलिप्त आरोपी अब्दुल वाजिद निवासी डारपुर यमुनानगर और एक महिला को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया था कि इस ठगी के षड्यंत्र में अली अहमद मुख्य रूप से शामिल है। इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी अली अहमद को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी गई राशि में से 13,500 रुपये की नकदी बरामद कर ली है।

खबर संक्षेप

विशेष शिविरों में एसआईआर नोटिसों का निस्तारण

करनाल। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के तहत मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े नोटिस और सुनवाई मामलों के निस्तारण के लिए जिले में तीन दिवसीय विशेष शिविर शुरू किए गए। बुधवार को पहले दिन संबंधित मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारी मौजूद रहे और मतदाताओं की सुनवाई की।

8 और 9 अक्तूबर को भी विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इनमें बीएलओ दस्तावेजों की जांच कर मामलों का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निस्तारण करेंगे। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि 7 से 9 अक्तूबर तक ऐसे मतदान केंद्रों पर घर-घर सर्वे भी किया जाएगा, जहां नोटिस मिलने के बावजूद आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं करवाए गए हैं।

छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

करनाल। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत करनाल पुलिस ने आरके पुरम स्थित कमल पब्लिक हाई स्कूल में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी तथा शिक्षा, खेलकूद और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. पूजा और डॉ. प्रियंका ने नशे के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को बताया गया कि नशे की लत से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है तथा समय पर उचित मार्गदर्शन और उपचार जरूरी है।

जाट महासभा ने सदस्यों से दस्तावेज मांगे

करनाल। जाट महासभा करनाल ने जनवरी 2021 से वर्ष 2026 तक महासभा की सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों से सदस्यता संबंधी अपने सत्यापित बैंक दस्तावेज जमा कराने की अपील की है। महासभा के महासचिव चरण सिंह मलिक ने सदस्यों से निर्धारित समय सीमा के भीतर दस्तावेज उपलब्ध करवाने का आह्वान किया है। महासभा की ओर से जारी अपील के अनुसार सदस्य अपने सत्यापित दस्तावेज जाट भवन, सेक्टर-12 अथवा रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसाइटी, जिला करनाल के कार्यालय में 15 अक्तूबर 2026 तक जमा करवा सकते हैं।

भू-स्थानिक तकनीक पर छात्राओं ने सीखा प्रशिक्षण

करनाल। कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में भू-स्थानिक तकनीक पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भू-स्थानिक तकनीक, छवि प्रसंस्करण, इसके अनुप्रयोग और अनुसंधान में उपयोगिता की जानकारी देना रहा। प्राचार्या मीनू शर्मा ने छात्राओं को कार्यशाला में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता डॉ. गुलाब सिंह ने भू-स्थानिक तकनीक, भू-संदर्भीकरण, छवि संवर्धन और वर्गीकरण की जानकारी दी। भूगोल विभाग की एमएससी छात्राओं ने क्यूजीआईएस के माध्यम से उपग्रह चित्रों का विश्लेषण, मानचित्र तैयार करने और भू-स्थानिक आंकड़ों के प्रसंस्करण का व्यावहारिक प्रशिक्षण लिया।

बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता हुए शामिल

सेवा ज्योति यात्रा ने दिया विकसित भारत का संदेश

अग्रसेन चौक से निकली यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को करनाल में विकसित भारत संकल्प सभा और सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। एनडीआरआई के सामने अग्रसेन चौक से शुरू हुई यात्रा में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के संबोधन का वर्चुअल प्रसारण किया गया। इसके बाद मशाल प्रज्वलित कर सेवा ज्योति यात्रा को रवाना किया गया। यात्रा मॉडल डेयरी के आउटलेट के सामने विकसित भारत संकल्प सेवा चौक पर पहुंची, जहां मशाल स्थापित की गई। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होना देश के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लेना चाहिए। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में जनभागीदारी जरूरी है।



करनाल। अग्रसेन चौक से सेवा ज्योति यात्रा को रवाना करते जनप्रतिनिधि।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर, महापौर रेणु बाला गुप्ता, राज्यसभा सदस्य संजय भाटिया, उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया, पुलिस अधीक्षक करन गोयल सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जनकल्याण योजनाओं से बदली तस्वीर

इंद्री के विधायक एवं विधानसभा में मुख्य सचेतक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितंबर से शुरू हुए सेवा संकल्प अभियान में 12 संकल्प शामिल हैं। इनमें सेवा ज्योति यात्रा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अलग-अलग वर्गों तक पहुंच रहा है। नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2001 में गुजरात से जनसेवा की यात्रा शुरू की थी। उनके नेतृत्व में देश ने विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने किसान, मजदूर, युवा, महिलाओं और गरीबों के हित में लागू योजनाओं का भी उल्लेख किया। असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि पिछले वर्षों में डिजिटल भुगतान, सड़क, रेलवे, हवाई अड्डे, बंदरगाह और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में व्यापक बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं से बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिला है।

एसडी मॉडल स्कूल प्रथम, गुरु तेग बहादुर स्कूल द्वितीय और डीएवी सेंटेनरी स्कूल तृतीय

राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में गूंजे देशभक्ति के स्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत विकास परिषद की सूरज शाखा की ओर से गुरु नानक खालसा कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता आयोजित की गई। विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने हिंदी और संस्कृत में देशभक्ति से ओतप्रोत समूहगान प्रस्तुत कर वातावरण को राष्ट्रप्रेम से भर दिया। प्रतियोगिता में एसडी मॉडल स्कूल की टीम ने प्रथम, गुरु तेग बहादुर स्कूल ने द्वितीय और डीएवी सेंटेनरी स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एसडी मॉडल स्कूल की टीम पूर्व में भी राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर चुकी है।

मुख्य अतिथि गुरु नानक खालसा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता शैक्षणिक जागरण और देशभक्ति से ओतप्रोत अभियान का दूसरा नाम है। भारत विकास परिषद विद्यालय स्तर से ही विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना विकसित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि परिषद की विभिन्न शाखाओं के माध्यम से देशभर में चार लाख से अधिक बच्चे प्रतियोगिता में भाग लेते हैं। प्रतियोगिता स्थानीय स्तर से शुरू होकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचती है।

डॉ. चुहड़ सिंह ने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। गुरु नानक खालसा कॉलेज की ओर से इसके लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. चुहड़ सिंह, परिषद अध्यक्ष नीना अरोड़ा, सचिव प्रीति कुकरेजा, प्रो. आर.के. गौड़, डॉ. कृष्ण अरोड़ा, चंद्र मेहता, प्रेम मेहता और महेश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद राष्ट्रगीत के साथ प्रतियोगिता शुरू हुई।



करनाल। गुरु नानक खालसा कॉलेज में राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय की टीम।

ये रहे मौजूद

मंच संचालन प्रीति कुकरेजा ने किया। कार्यक्रम में ढूआ, अंजू शर्मा, स्वर्ण कथपाल, सिंगला दंपती, सुरेश अरोड़ा, डॉ. बीर सिंह, प्रेम मेहता, सागर, अमन, यूनुस और राजेश सहित परिषद के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। कॉलेज के शिक्षक, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष नीना अरोड़ा ने सभी का आभार जताया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

विशेष गहन पुनरीक्षण में 3.43 लाख सुनवाई मामले लंबित

करनाल। हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत जारी नोटिस और उनसे संबंधित सुनवाई मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश में कुल 44,91,923 नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि 3,43,127 सुनवाई मामले लंबित हैं। लंबित मामलों का प्रतिशत 7.64 है। लंबित मामलों की नियमित समीक्षा की जा रही है। संबंधित अधिकारियों को मामलों का शीघ्र निस्तारण करने, प्रभावी निगरानी रखने तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सुनवाई की प्रक्रिया समय पर पूरी करने के लिए 7 से 9 अक्तूबर 2026 तक ऐसे मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जहां नोटिस प्राप्त होने के बावजूद संबंधित मतदाताओं ने अभी तक आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं करवाए हैं। इस दौरान घर-घर सर्वे के माध्यम से भी दस्तावेज प्राप्त किए जाएंगे। मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए प्रदेश के 20,864 मतदान केंद्रों पर विभिन्न राजनीतिक दलों ने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए हैं। बूथ लेवल एजेंट-2 के रूप में भाजपा के 19,554, कांग्रेस के 17,127, इनेलो के 2,186, जजपा के 1,093, माकपा के 314, बसपा के 146 और आम आदमी पार्टी के 54 प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा बूथ लेवल एजेंट-1 के रूप में भाजपा और कांग्रेस के 90-90, आम आदमी पार्टी के 82, जजपा के 87, इनेलो के 79, बसपा के 63 तथा माकपा के 36 प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं।

- 7 से 9 अक्तूबर तक विशेष शिविर लगाकर दस्तावेज जुटाए जाएंगे

बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छह केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा

करनाल। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी की ओर से आयोजित माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक की अकादमिक तथा हरियाणा ओपन स्कूल परीक्षाओं और डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिलाधीश डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने जिले के सभी छह परीक्षा केंद्रों और उनके 200 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की है। जारी आदेश के अनुसार परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में असामाजिक तत्वों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। इस क्षेत्र में आग्नेयास्त्र, लाठी, तलवार, कुल्हाड़ी, गंडासा, चाकू अथवा अन्य घातक हथियार लेकर चलने पर भी रोक रहेगी। आदेश में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों, अन्य लोक सेवकों तथा धार्मिक प्रतीक के रूप में म्यानबद्ध कृपाण धारण करने वाले सिख समुदाय के लोगों को छूट दी गई है। परीक्षा के दिनों में परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित फोटोस्टेट की दुकानें दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेंगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

धान खरीद में ढिलाई बर्दाश्त नहीं, रोज होगी समयबद्ध खरीद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में धान खरीद व्यवस्था को लेकर एसडीएम और आढ़तियों की बैठक हुई। इसमें मंडियों में धान की आवक, खरीद, उठान और किसानों को उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिले की सभी अनाज मंडियों में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक धान की खरीद सुनिश्चित की जाए। आवक के अनुसार खरीद एजेंसियां पर्याप्त व्यवस्था रखें। उन्होंने बताया कि खरीदे गए धान का उठान शुरू हो चुका है और आने वाले दिनों में और मिलर्स द्वारा उठान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों और आढ़तियों को आपसी समन्वय से काम करने तथा किसानों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने के निर्देश दिए। खरीद में अनावश्यक देरी या लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

किसान नेताओं के दबाव के बाद नई अनाज मंडी में धान खरीद शुरू

- एक सप्ताह से मंडी में डेरा डाले किसानों की पहले करवाई खरीद, अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नई अनाज मंडी में धान खरीद में देरी से परेशान किसानों की शिकायत पर भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के नेता बुधवार को मंडी पहुंचे। किसान नेताओं ने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से बातचीत कर खरीद शुरू करवाई। सबसे पहले एक सप्ताह से मंडी में धान लेकर बैठे किसानों की उपज की खरीद कराई गई। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी और जगदीप ओलख ने आरोप लगाया कि खरीद एजेंसियों के अधिकारी किसानों को अनावश्यक परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 29 सितंबर को उपायुक्त के मंडी पहुंचने के बाद खरीद शुरू हुई थी, लेकिन इसके बाद भी कई किसानों की धान नहीं खरीदी गई। उन्होंने बताया कि मंडी में 17 प्रतिशत से कम नमी वाली धान की ढेरियां भी मौजूद हैं। किसान नेताओं के अनुसार, खरीद में देरी के कारण किसान निजी खरीदारों को कम कीमत पर धान बेचने को मजबूर हो रहे हैं। किसानों की लगातार शिकायतों के बाद यूनियन के नेता मंडी पहुंचे और मौके पर धान की नमी की जांच करवाई।



करनाल। नई अनाज मंडी में धान खरीद शुरू करवाते किसान नेता।

नौकरी दिलाने के बहाने घर बुलाकर दुष्कर्म का आरोप

करनाल। करनाल की सीएचडी सिटी में घरेलू काम की नौकरी दिलाने के बहाने महिला को घर बुलाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि 6 अक्तूबर को काम पूरा करने के बाद आरोपी ने घर का मुख्य दरवाजा बंद कर उसकी इच्छा के खिलाफ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे धमकाकर जबरन कार में बैठाया और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने पुलिस को बताया कि घर पर काम करने की बात तय होने के बाद वह सुबह करीब 10 बजे आरोपी के घर पहुंची थी। उसने खाना बनाने, झाड़-पोछा करने और कपड़े धोने का काम किया। दोपहर करीब 12 बजे काम पूरा कर घर जाने लगी तो आरोपी ने दरवाजा बंद कर दिया। महिला के अनुसार, आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और बाद में धक्का देकर धमकाया।

- सीएचडी सिटी में घरेलू काम के लिए गई महिला ने लगाया आरोप, सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया



त्योहारों से पहले शहर की रोशनी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

करनाल। आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने विद्युत शाखा के अभियंताओं के साथ बैठक कर शहर की प्रकाश व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने नई अधिकृत कॉलोनियों में स्ट्रीट लाइट लगाने, हाईमास्ट लाइट, सीसीटीवी कैमरों और नगर निगम सदन से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। निगमायुक्त ने नई अधिकृत कॉलोनियों में स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए चल रहे सर्वे को दो दिन में पूरा कर काम शुरू करने के निर्देश दिए। गुरुनानक पुरा क्षेत्र में भी प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। सदन से स्वीकृत पांच स्ट्रीट लाइट कार्यों में से चार के निविदा जारी होने की जानकारी दी गई, जबकि एक कार्य तकनीकी मूल्यांकन में है। शहर में लगाए गए 129 सीसीटीवी कैमरों में से 127 चालू हैं, जबकि दो को दुरुस्त किया जा रहा है। प्रत्येक वार्ड में दो हाईमास्ट लाइट लगाने के तहत 29 लाइटें लग चुकी हैं। शेष 11 लाइटों का काम 10 दिन में पूरा करने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने मुख्य सड़कों, चौक-चौराहों, बाजारों और पार्कों में स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट, बोलार्ड और सजावटी लाइटों की जांच के निर्देश दिए।

वरिष्ठ नागरिकों को नई एफडी पर 8.15% रिन्यूअल पर 8.25% तक ब्याज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

बजाज फाइनेंस ने 12 से 60 महीने की एफडी पर ब्याज दरों में 15 से 40 आधार अंक तक की बढ़ोतरी की है। नई दरें 7 अक्टूबर से नई जमा और रिन्यूअल दोनों पर लागू हैं। 31 से 60 महीने की अवधि पर सामान्य जमाकर्ताओं की दर 35 और वरिष्ठ नागरिकों की 40 आधार अंक बढ़ाई गई है। नई एफडी पर सामान्य जमाकर्ताओं को 31 से 60 महीने के लिए 7.75 प्रतिशत तक ब्याज मिलेगा। 12 से 17 महीने की दर 6.80 और 18 से 30 महीने की दर 7 प्रतिशत हो गई है। वरिष्ठ नागरिकों को सामान्य दर से 0.40 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज मिलेगा। उनके लिए इन अवधियों पर दरें क्रमशः 7.20, 7.40 और 8.15 प्रतिशत तक हैं। रिन्यूअल कराने पर 0.10 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज मिलेगा। इससे सामान्य जमाकर्ताओं को 7.85 और वरिष्ठ नागरिकों को 8.25 प्रतिशत तक ब्याज मिलेगा। संचयी के साथ मासिक, तिमाही, छमाही और सालाना भुगतान के विकल्प भी उपलब्ध हैं। 31 से 60 महीने की एफडी पर मासिक भुगतान लेने वाले वरिष्ठ नागरिकों को 7.86 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। बजाज फाइनेंस के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष सचिन सिक्का के अनुसार, ब्याज दरों में बढ़ोतरी से लंबी अवधि के जमाकर्ताओं को अधिक लाभ मिलेगा। एफडी में न्यूनतम 15 हजार रुपये से निवेश किया जा सकता है।

न्यूज डायरी

कर्ण उत्सव को जन-जन का उत्सव बनाने का संकल्प

करनाल। कर्ण उत्सव की तैयारियों को लेकर नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) की बैठक बुधवार को मॉडल टाउन स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में तीन दिवसीय उत्सव को करनाल के जन-जन का उत्सव बनाने का संकल्प लिया गया। करनाल प्रशासन, पुलिस, नगर निगम और जिला परिषद के मार्गदर्शन में 13 से 15 नवंबर तक डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम में उत्सव आयोजित होगा। हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, सिटीजंस ग्रीवेंस कमेटी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, ब्रह्माकुमारी, वॉइस ऑफ इंडिया, जिला बार संघ, करनाल व्यापार मंडल, हरियाणा व्यापार मंडल की करनाल इकाई और सहोदय स्कूल करनाल सहित विभिन्न संस्थाएं सहयोग करेंगी। निफा, द इवेंटर्ज और आईबीएन 24 मुख्य आयोजक हैं। निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रितपाल सिंह पन्नु ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संदेश भेजकर कर्ण उत्सव की सफलता और करनाल के इतिहास पर प्रकाशित होने वाली पुस्तक के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उत्सव में 'एक और कौन्तेय' लाइट एंड साउंड नाटक, लोक नृत्य और बॉलीवुड गायक अरविंद सिंह राजपूत की प्रस्तुति होगी। ओपन मंच पर करनाल की स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा। करनाल के इतिहास पर आधारित चित्र प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

मोबाइल वैन से गांवों में कानूनी जागरूकता का प्रसार



करनाल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिले के विभिन्न गांवों और संस्थानों में मोबाइल वैन के माध्यम से कानूनी जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने बताया कि इन शिविरों के लिए पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वालंटियर को नियुक्त किया गया है। इसी कड़ी में मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भादसों और पीएमश्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बयाना में शिविर लगाए गए। पैनल अधिवक्ता अशोक कुमार राणा और पैरा लीगल वालंटियर अज्ञा पाल ने ग्रामीणों को मुफ्त कानूनी सेवाओं, नालसा योजनाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इंस्पेक्टर राजेशलता ने राजकीय उच्च विद्यालय शाहपुर और राजकीय प्राथमिक विद्यालय में विद्यार्थियों व स्टाफ को पोक्सो कानून के प्रति जागरूक किया।

विरासत संरक्षण के साथ नगर विकास पर मंथन



करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत देश की पहचान का महत्वपूर्ण आधार है। सदियों पुरानी परंपराओं, कला, स्थापत्य और जीवन मूल्यों से जुड़ी विरासत के संरक्षण के लिए विकास के साथ सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने यह बात चंडीगढ़ प्रवास के दौरान सेक्टर-1 स्थित ओपन हैंड स्मारक एवं कैपिटल परिसर के भ्रमण के दौरान कही। महापौर ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विभिन्न शहरों की अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और ऐतिहासिक विरासत है। इनके संरक्षण के साथ युवा पीढ़ी को इनके महत्व से परिचित कराना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि ओपन हैंड स्मारक चंडीगढ़ की विशिष्ट स्थापत्य पहचान का महत्वपूर्ण प्रतीक है। भ्रमण के दौरान इसकी परिकल्पना, स्थापत्य विशेषताओं और ऐतिहासिक महत्व को नजदीक से जानने का अवसर मिला।

चित्रकला और रंगोली में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



करनाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा अर्बन मंडल करनाल की ओर से विकास कॉलोनी स्थित जेपी पब्लिक स्कूल में चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा अर्बन मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। गौरव खुराना ने कहा कि कला केवल रंगों का मेल नहीं, बल्कि मन के भाव, कल्पना और रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का माध्यम है। रंगोली भारतीय संस्कृति और परंपराओं की समृद्धि को दर्शाती है, जबकि चित्रकला बच्चों की सोच और कल्पनाशक्ति को अभिव्यक्ति देती है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतियोगिता कराई गई।

विधायक ने बैठक में कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने का दिया मंत्र

हर जरूरतमंद तक सरकारी योजनाएं पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

भारतीय जनता पार्टी के तरावड़ी स्थित कार्यालय में विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में संगठन की मजबूती, केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा जमीनी स्तर पर पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करवाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे मजबूत कड़ी है। केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा आमजन के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका वास्तविक लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।



तरावड़ी। भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते विधायक भगवानदास कबीरपंथी।

कार्यकर्ताओं की मेहनत से मजबूत होगा भाजपा संगठन

विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के कल्याण और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करना चाहिए। विधायक कबीरपंथी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है। कार्यकर्ताओं की मेहनत, ईमानदारी और निरंतर सक्रियता के कारण भाजपा संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल चुनाव के समय सक्रिय रहने वाला संगठन नहीं, बल्कि वर्षभर जनता के बीच रहकर सेवा और संगठन के माध्यम से काम करने वाली पार्टी है। बैठक के दौरान विधायक ने कार्यकर्ताओं से उनके क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी ली और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठन की कार्यशैली और जनसेवा के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच सेतु की भूमिका निभाएं। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ और क्षेत्र के लोगों से निरंतर संपर्क बनाए रखे तथा पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करे। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा आने वाले समय में और अधिक मजबूती के साथ जनता की सेवा करेगी। इस अवसर पर भाजपा जिला उप प्रधान संयोगिता गुप्ता, रजनी शर्मा, देवेंद्र कामरा, मंडल अध्यक्ष रणजीत भारद्वाज, महामंत्री सुभाष कश्यप, संजय सैन, पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा, राजेश छाबड़ा, उमेश शर्मा, राकेश चौहान व पंकज ठाकुर समेत भाजपा से जुड़े अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

दशहरा महोत्सव का निमंत्रण देने गुरु हाजी साधना के निवास पहुंचे पदाधिकारी

पानीपत। श्री राम दशहरा कमेटी बरसत रोड की ओर से आयोजित विजय दशमी महोत्सव एवं रावण दहन कार्यक्रम की तैयारियां जारी हैं। इसी कड़ी में कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य सुप्रसिद्ध समाजसेविका गुरु हाजी साधना जी के निवास पर पहुंचे और उन्हें कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र भेंट किया। कमेटी ने बताया कि बरसत रोड स्थित दशहरा मैदान में भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। अध्यक्ष भीम सचदेवा, महासचिव सहित कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

खादी आश्रम के पास मिला व्यक्ति का शव

पानीपत। खादी आश्रम के पास बुधवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान उत्तर पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी मंडोली निवासी 40 वर्षीय सचिन के रूप में हुई। पुलिस ने शव को जिला नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल राजू के अनुसार मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले और प्रथम दृष्टया मौत सामान्य प्रतीत हो रही है। मृतक के चाचा कैलाश और भाई नितिन ने बताया कि सचिन पानीपत की फैक्ट्री में सिलाई कढ़ाई का काम करता था और उसका परिवार दिल्ली में रहता है। परिजनों के अनुसार वह शराब का आदी था। पुलिस का कहना है कि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा।

सेवा संकल्प अभियान के तहत विकसित भारत संकल्प सभा और सेवा ज्योति यात्रा

विकसित राष्ट्र के लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा भारत : ढांडा





पानीपत। सेवा ज्योति यात्रा में भाग लेते मंत्री महीपाल ढांडा व अन्य। व शहीदों को नमन करते हुए मंत्री महीपाल ढांडा व अन्य ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

सेवा संकल्प अभियान के तहत आज जिला सचिवालय परिसर में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश के स्कूल एवं उच्च शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन सुना। कार्यक्रम में पहुंचने पर उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का बुके भेंट कर स्वागत किया। संकल्प सभा को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि भारत आज अपनी सामथ्र्य और क्षमता के बल पर दुनिया में नई पहचान बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का संकल्प है। इसी भावना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास कार्यों को गति दी जा रही है और सेवा, सुशासन तथा जनभागीदारी को विकास की आधारशिला बनाया गया है।

मौके पर ये मौजूद रहे

इस मौके पर मेयर कोमल सैनी, जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, निगम आयुक्त डॉ. पंकज यादव, पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, एसडीएम मनदीप कुमार, एसडीएम समालखा अमित कुमार, डीडीपीओ राजेश शर्मा, मार्केट कमेटी चेयरमैन अवतार शास्त्री, पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार के पुत्र अनिल पंवार, निगम पार्षद अशोक कटारिया,संजीव दहिया, जयदीप अरोड़ा, जिला पार्षद प्रतिनिधि विपिन पांचाल, मंडल अध्यक्ष सुमित गर्ग, जसविंदर चहल, अत्तर सिंह प्रजापति, गुरदेव, सुनील कंसल, सुमित जागलान, कृष्ण छोकर किवाना, चांद भाटिया, जिला मीडिया प्रभारी ओमदत्त आर्य, ऋ षभ अग्रवाल, तरुण पसरीचा, प्रवीण मदान, अनिल शर्मा, बिजेंद्र पांचाल,रविंद्र मंडावर, पूर्व पार्षद पवन गोगलिया, संजय त्यागी, तरूण तावड़ा, शिव कुमार उपाध्याय, सुनील प्रजापति, भूपेंद्र, राजपाल हरिनगर, सुनील, जितेंद्र, विजय, गुलशन, गुलशन व कृष्ण आर्य सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता



पानीपत। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने आज जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ तथा जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने तथा पात्र लोगों तक इनका लाभ पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य हर वर्ग के कल्याण के साथ-साथ प्रदेश के समग्र विकास को गति देना है। सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, आधारभूत सुविधाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी सुनिश्चित होगा, जब अधिकारी पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ इनके क्रियान्वयन पर फोकस करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए इनके क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए। मंत्री ने जिले में कानून एवं व्यवस्था से संबंधित विषयों को लेकर पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण से भी चर्चा की। विकास के साथ-साथ मजबूत कानून व्यवस्था भी प्रदेश की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार है। प्रशासन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय के साथ आमजन को सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाना जरूरी है। बैठक में जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, शहरी विधायक प्रमोद विज, समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना, एडीसी अंकित चौकसे, पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण, मेयर कोमल, प्रभारी ललित, डीएसपी विकास चहल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

हरीश गुप्ता बने अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता



पानीपत। देशराज कॉलोनी निवासी हरीश गुप्ता को अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा प्रदेश का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.राजकुमार गोयल ने की है। हरीश गुप्ता पिछले करीबन 30 वर्षों से अग्रवाल समाज से जुड़े हुए हैं और समाज की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनकी सक्रियता एवं समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए डॉ.राजकुमार गोयल ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर हरीश गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ.राजकुमार गोयल व प्रदेश की समस्त कार्यकारिणी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि समाज ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतरने के लिए वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे।



सुरेंद्र राठी श्रेष्ठ शिक्षक अवार्ड से सम्मानित

पानीपत। राजकीय वरिष्ठ विद्यालय निजामपुर के प्रांगण में पहुंचने पर सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान कलाध्यापक सुरेंद्र राठी का प्राचार्य एवं स्टाफ के सदस्यों के द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी रतन सिंह नलवा ने की। कलाध्यापक सुरेंद्र राठी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर केंद्रीय आर्य युवा परिषद के तत्वाधान में स्वामी दिव्यानंद सरस्वती महाराज जी के सानिध्य में मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल अर्बन स्टेट जींद में श्रेष्ठ शिक्षक अवार्ड सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उन्हें श्रेष्ठ शिक्षक अवार्ड से सम्मानित किया गया था। संस्था की ओर से एक प्रशंसा पत्र, एक मेडल, एक पटका, एक सर्वश्रेष्ठ अध्यापक का रिबन देकर सम्मानित किया गया। कलाध्यापक सुरेंद्र राठी ने बताया कि श्रेष्ठ शिक्षक अवार्ड पाकर उनके सम्मान में वृद्धि हुई है।



डॉ.एपी जैन बने चेतना स्कूल परिवार के ट्रस्टी

पानीपत। पिछड़ी बस्तियों में संचालित पूर्णतया निःशुल्क चेतना स्कूलों के चेतना परिवार ट्रस्ट की कार्यकारिणी की बैठक आज आयोजित हुई। इसमें आर्य कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ.एपी जैन को एक ट्रस्टी के रूप में शामिल किया गया। इसके संरक्षक पाईट संस्थाओं के अध्यक्ष हरिओम तायल व डेज होटल के मालिक ओपी माटा हैं। जबकि मैनेजिंग ट्रस्टी खादी आश्रम की अध्यक्षा निर्मल दत्त हैं। अन्य ट्रस्टियों में हैदराबाद से रिटायर्ड डीजीपी लॉ एंड ऑर्डर वीएन राय, आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व प्रिंसिपल दीपचंद्र निर्मोही, आईबी कॉलेज पानीपत के पूर्व प्राचार्य डॉ.अजय गर्ग, पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल रेखा बजाज आदि हैं।

हरियाणा में बाल कल्याण सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए पानीपत में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित



पानीपत। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा राज्य में बाल कल्याण से संबंधित सेवाओं और गतिविधियों को अधिक प्रभावी व गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से पानीपत में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता परिषद की मानद महासचिव मीना कंबोज ने की। बैठक में प्रदेश के सभी जिलों से आए जिला बाल कल्याण अधिकारियों एवं मंडल अधिकारियों के साथ जिलेवार चल रही गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई। मानद महासचिव ने निर्देश दिए कि प्रदेश के हर बाल भवन में इंडोर और आउटडोर खेलों की स्थायी व्यवस्था की जाए। बैठक में मुख्यालय से वरिष्ठ बाल कल्याण अधिकारी ओपी मेहरा, बाल कल्याण अधिकारी सरोज मलिक, लेखा अधिकारी कमल कुमार, मंडल बाल कल्याण अधिकारी अनिल मलिक, खुशमिन्दर सिंह, कमलेश शास्त्री, वजीर सिंह डांगी सहित सभी जिलों के जिला बाल कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।



रोटरी पानीपत साउथ का हेल्थ चेकअप कैंप

पानीपत । हैदराबादी हॉस्पिटल के संस्थापक अमर चंद लखीना को श्रद्धांजलि देते हुए रोटरी पानीपत साउथ ने आज हैदराबादी हॉस्पिटल में एक निःशुल्क हेल्प चेकअप के साथ ब्लड कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया मुख्य रूप से मौजूद रहे। नवीन भाटिया ने कहा कि हैदराबादी हॉस्पिटल के संस्थापक को श्रद्धांजलि देते हुए रोटरी साउथ पानीपत ने आज जो यह जरुरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप और अनजान व्यक्तियों के लिए रक्तदान कैंप का आयोजन किया है यह बहुत ही अच्छा प्रयास है। वैसे तो क्लब समय-समय पर जरूरतमंद परिवारों की मदद करता है। रोटरी पानीपत साउथ डीजीएन धीरज मिगलानी ने कहा कि क्लब की ओर से समय-समय पर जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क चेकअप कैंप लगाए जाते हैं। इस अवसर पर अशोक बांगा, अजय सरदाना, ओम लखीना, शंभू लखीना, प्रेम अरोड़ा, कमल तनेजा , भाजपा युवा नेता चेतन तनेजा व राजेश चुघ मुख्य रूप से मौजूद रहे।



कुटानी के राजकीय विद्यालय में युवा साथी संवाद कार्यक्रम आयोजित

पानीपत। गांव कुटानी स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में आज युवा साथी अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक एवं संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की सोच, उनकी आकांक्षाओं, चुनौतियों और भविष्य की दिशा को समझना तथा उन्हें सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और जिम्मेदार नागरिकता के लिए प्रेरित करना रहा। सत्र के दौरान उषा सैनी शिक्षाविद् एवं काउंसलर ने विद्यार्थियों के साथ खुलकर संवाद किया और उनके विचारों एवं अनुभवों को सुना। उन्होंने कहा कि युवाओं को केवल मार्गदर्शन देने की आवश्यकता नहीं है बल्कि उनकी बात सुनना और उनकी भावनाओं व विचारों को समझना भी उतना ही आवश्यक है।

नौ को होगा पानीपत की अस्मिता रग्बी टीमों का चयन

पानीपत । जींद के आधारशिला पब्लिक स्कूल में 24 व 25 अक्टूबर को होने वाली अस्मिता रग्बी राज्य प्रतियोगिता के लिए पानीपत की अंडर 15 व अंडर 18 बालिका टीमों का चयन 9 अक्टूबर को शाम 5 बजे उग्राखेड़ी स्थित रग्बी मैदान में होगा। पानीपत रग्बी अध्यक्ष बबीता सिंह ने बताया कि अंडर 15 में 2011-12 तथा अंडर 18 में 2008-09 में जन्मी खिलाड़ी ट्रायल में भाग ले सकती हैं। विशेष अनुमति से क्रमशः 2013 व 2010 में जन्मी खिलाड़ियों को भी अवसर मिलेगा। चयनित खिलाड़ियों का खेलो इंडिया व रग्बी इंडिया पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा। इच्छुक खिलाड़ी आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचकर मुख्य चयनकर्ता अमन मलिक एवं प्रियंका कटवाल से संपर्क करें।

खबर संक्षेप



इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन आज

पानीपत। कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के विभिन्न दल 8 अक्टूबर को चुनावी प्रक्रिया और वोट चोरी के आरोपों को लेकर प्रदर्शन करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी पानीपत ग्रामीण अध्यक्ष रमेश मलिक ने बताया कि सुबह 10 बजे संविधान चौक से लघु सचिवालय तक पैदल मार्च निकाला जाएगा और वहां मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया जाएगा। सीपीएम राज्य कमेटी सदस्य सुनील दत्त, सीपीएम जिला सचिव डॉ.सुरेंद्र मलिक और सीपीआई जिला सचिव एडवोकेट पवन सैनी ने भी लोकतांत्रिक तरीके से मुद्दे उठाने की बात कही। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस कमेटी पानीपत शहरी अध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह, कंवर सिंह छौक्कर, नारायण दत्त शर्मा, फुरकान नरवाल, डॉ.जगबीर, डीपी ग्रोवर, सतपाल, राजपाल, जय भगवान, राजबीर नारा और एडवोकेट संजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

शीतल दास फाउंडेशन ने मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति देने का किया वादा



पानीपत। शीतल दास फाउंडेशन ने पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 10 और 11 के मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने की घोषणा की। फाउंडेशन ट्रस्टी कपिल जैन ने 15 मेधावी विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें छात्रवृत्ति एवं सम्मान देने तथा भविष्य में उनकी शिक्षा का खर्च उठाने का वादा किया। कार्यक्रम में रवि स्वामी, टीपी गोयल, प्रयांशु त्यागी, कोमल शर्मा, नितिन और प्रशांत मौजूद रहे। प्रधानाचार्या रेखा बजाज ने फाउंडेशन का आभार जताया। स्कूल प्रबंधन से सुरेश तायल व राकेश तायल ने सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया।



कोयला हैंडलिंग व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे उत्तर रेलवे के डीआरएम पुष्पेश रमन

मतलौडा। पानीपत थर्मल पावर स्टेशन में रेलवे यार्ड और कोयला हैंडलिंग व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे उत्तर रेलवे के डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी के सामने कई खामियां सामने आईं। करीब 25 सदस्यीय टीम के साथ किए निरीक्षण में रेलवे ट्रैक पर कोयला और मिट्टी जमा मिली, जिससे कई स्थानों पर पटरी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रही थी। यार्ड में जगह-जगह उगी बड़ी घास को लेकर भी डीआरएम ने नाराजगी जताई और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ट्रिपलर नंबर 5-6 की भी जांच की गई। यहां ट्रिपलर के पैड फटे मिले, जिस पर डीआरएम ने संबंधित अधिकारियों को जल्द मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कोयले की बोगियों को समय पर खाली करने की प्रक्रिया और रैक खाली होने में लगने वाले समय की भी जानकारी ली।



सैनी सभा ने राजकीय स्कूल में बच्चों को बांटी मुफ्त स्कूल ड्रेस व बैग

पानीपत। सैनी सभा पानीपत द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत महादेव कॉलोनी स्थित राजकीय प्राथमिक ,वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को मुफ्त स्कूल ड्रेस एवं स्कूल बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सैनी सभा के प्रधान सुभाष सैनी एडवोकेट ने कहा कि शिक्षा ही समाज की तरक्की का सबसे सशक्त माध्यम है। संस्था का सदैव यह प्रयास रहता है कि कोई भी होनहार बच्चा संसाधनों की कमी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। इस अवसर पर सभा के सेक्रेटरी यतेंद्र सिंह सैनी एडवोकेट उर्फ टाइगर, कैशियर सुरेश सैनी, सह सचिव बलजीत सैनी, परीक्षक सीए गोविंद सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आशु सैनी, श्यामलाल सैनी, विद्यालय के सभी शिक्षकगण तथा सैनी समाज के गणमान्य व वरिष्ठ लोग मौजूद रहे।

विष्णु अवतार की शोभायात्रा से खुशी की लहर

पानीपत। श्री सायंकाल रामलीला लैया सभा के 76वें धर्म प्रचार वर्ष के प्रथम दिन विष्णु अवतार की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य झांकी में भगवान विष्णु को क्षीर सागर में शेष शय्या पर विराजमान तथा लक्ष्मी जी को उनके चरण पखारते दर्शाया गया। ब्रह्माजी, महेश, ताड़का , खर.दूषण व अन्य राक्षसों की झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। भगवान विष्णु की भूमिका योगेश शर्मा और लक्ष्मी की भूमिका गर्वित गुंबर ने निभाई। शोभायात्रा से पूर्व मुख्य अतिथि राजेश सूरी, पार्षद अंजली शर्मा, राजीव मलिक और पूर्व पार्षद तरुण छोकरा ने भगवान विष्णु का माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। संचालन समिति अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी अरुणदास, कालू बजाज, युधिष्ठिरऔर जगदीश, सोनू ने अतिथियों का स्वागत किया। यात्रा में युधिष्ठिर, जगदीश, जगदीश, सोनू, दीपक, इशांत अग्निहोत्री, लक्ष्य, संत बांगा आदि मौजूद रहे।

डॉ. राजेश मुनि का 2500वां अभिग्रह महासम्मेलन 9 को

बैंड बाजे के साथ निकाली जाएगी विशेष शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

श्री एसएस जैन सभा गांधी मंडी के तत्वावधान में अभिग्रह धारी डॉ.राजेश मुनि जी के 2500वें अभिग्रह महासम्मेलन 9 अक्टूबर को सेक्टर 25 स्थिति और ओरेलिया ग्रैंड बैंक्वेट में आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व प्रातः जैन स्थानक गांधी मंडी से शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल तक बैंड बाजे के साथ निकाली जाएगी। गांधी मंडी स्थित जैन स्थानक में आज ऑल इंडिया जैन कांफ्रेंस के राष्ट्रीय चेयरमैन एवं कार्यक्रम के मुख्य संयोजक व स्वागत अध्यक्ष विजय जैन एवं नशा मुक्ति अभियान प्रमुख संयोजक अशोक आर्य ने पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेश जैन, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संजय भाटिया, आरएसएस के प्रांत प्रचार प्रमुख राजेश गोयल, हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, डा.अरविंद शर्मा, प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, विधायक प्रमोद विज, विधायक मनमोहन भड़ाना, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल सैनी, सोनीपत के मेयर राजीव जैन आदि मौजूद रहे।



पानीपत। पत्रकारों को जानकारी देते हुए ऑल इंडिया जैन कांफ्रेंस के राष्ट्रीय चेयरमैन विजय जैन व अन्य । फोटो : हरिभूमि

फायरिंग मामले में जानलेवा हमले के 6 आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत पुलिस ने मनमोहन नगर में फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभिनव उर्फ फौजी निवासी धूप सिंह नगर, आशु निवासी वार्ड नंबर 11 , आकाश व आसिफ निवासी भारत नगर, साहिल निवासी गली नंबर 3 किशनपुरा तथा रोहित निवासी पसीना खुर्द के रूप में हुई है। उप पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने आज जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की धरपकड़ एवं जांच की जिम्मेदारी सीआईए 2 प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनिल की टीम को सौंपी गई थी। पुलिस टीम ने आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश देते हुए मंगलवार देर शाम बरसत रोड से 6 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने मामले में नामजद तथा अन्य फरार साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है।

यह है मामला



थाना किला में मुशाहिद निवासी मनमोहन नगर बबैल रोड ने थाना किला पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वेस्ट का काम करता है तथा उसके घर के अंदर ही वेस्ट का गोदाम है। उसके पड़ोस में रोहित नामक युवक ने फाइनेंस का ऑफिस किया हुआ है। वहां आवारा किस्म के लडक़ों का आना-जाना रहता है। इनमें कुछ युवकों के खिलाफ पहले भी हत्या, डकैती आदि संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं और वे गिरोह के रूप में अपराध करते हैं। युवक ऑफिस पर शराब पीकर पड़ोस की महिलाओं को देख अपशब्द तथा बदतमीजी करते हैं। उसने कई दिन पहले रोहित को समझाया था। इसी बात को लेकर रोहित उससे रंजिश रखने लगा। वह 6 अक्तूबर को वह अपने दोस्त अफसर के साथ गोदाम में मौजूद था। इसी दौरान रोहित का फोन आया और उसने उसे अपने ऑफिस पर आकर बात करने के लिए कहा। रोहित के बुलाने पर वह अपने दोस्त अफसर के साथ उसके ऑफिस पर गया। वहां रोहित, दीपक सरपंच, अनुभव, अभिनव, वीरू उर्फ लाला, कुनाल तथा अन्य व्यक्ति मौजूद थे।

11 केवी बिजली लाइन के खंभे हटाने के प्रयास के विरोध में धरना

पानीप । वार्ड नंबर 19 की मुखीजा कॉलोनी गली नंबर 15 में 11 केवी एचटी कंडक्टर लाइन को केबल में बदलने के दौरान लगाए गए बिजली के खंभों को हटाने के कथित प्रयास के विरोध में क्षेत्रवासियों ने धरना दिया। धरने का नेतृत्व पूर्व पार्षद बलराम मक्कौल ने किया। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव में खंभे हटाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बिजली विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार लगाए गए खंभों को नहीं हटाने तथा मौके का निरीक्षण कर स्थायी समाधान की मांग की। बलराम मक्कौल ने कहा कि धरना किसी व्यक्ति के विरोध में नहींए बल्कि वार्डवासियों के हित और सुरक्षित बिजली व्यवस्था की मांग को लेकर है। उन्होंने समस्या का समाधान नहीं होने पर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रखने की बात कही। धरने में बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

आईबी महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

दिशा को मिला मिस फ्रेशर खिताब



पानीपत। मिस फ्रेशर व मिस्टर फ्रेशर के साथ प्राचार्य डॉ .सतवीर सिंह व अन्य । फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आईबी महाविद्यालय में बीए प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए डॉ. सीमा व डॉ.सुनीता के निर्देशन में फ्रेशर पार्टी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह, उप प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक व अन्य प्राध्यापकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, रैंप वॉक, मिमिक्री व शायरी सहित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं तथा मनोरंजक गेम्स में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में दिशा को मिस फ्रेशर, शक्ति को मिस्टर फ्रेशर, कशिश व सुनीता को मिस पर्सनालिटी तथा प्रिंस व अंश को मिस्टर पर्सनालिटी चुना गया। प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। उप प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को सांस्कृतिक व रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ.पूजा, सहायक प्रो.अंशिका व डॉ.नीतू मनोचा का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन चेतना व वंश ने किया।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ.किरण मदान, डॉ.नीलम, डॉ.पूनम मदान, डॉ.अर्पणा, डॉ. राजेश आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

लंबित नोटिसों के निपटाने के आदेश

शहजादपुर। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार बुधवार को ईआरओ-कम-एसडीएम शिवजीत भारती ने एईआरओ एवं सुपरवाइजरों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में एसआईआर-2026 के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा लंबित नोटिसों के निपटान सहित मतदाता सूचियों से संबंधित विभिन्न कार्यों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। भारती ने एईआरओ एवं सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बीएलओ के माध्यम से 7 से 9 अक्तूबर 2026 तक सभी लंबित नोटिसों का निपटान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के संबंध में नोटिस लंबित हैं, संबंधित बीएलओ उनके घर-घर जाकर आवश्यक दस्तावेज एवं जानकारी एकत्रित करें।

पॉक्सो एक्ट पर छात्रों को किया जागरूक

शहजादपुर। सब डिविजनल लीगल सर्विस कमेटीके चेयरपर्सन एवं अतिरिक्त सिविल जज चेतेश गुप्ता के निर्देशानुसार एमआरएसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लीगल एड पैनल अधिवक्ता संजीव कुमार जोली ने पीएलवी मंजीत के साथ कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, 2012 के विभिन्न प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जौली ने विद्यार्थियों को बताया कि पॉक्सो एक्ट का मुख्य उद्देश्य 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को लैंगिक उत्पीडऩ, लैंगिक हमले और अश्लील सामग्री से संबंधित अपराधों से सुरक्षा प्रदान करना है।

समाधान शिविर में मंत्री विज सुनेंगे समस्याएं

अंबाला। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज अंबाला छावनी क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को 8 अक्तूबर वीरवार को दोपहर 12:00 से छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सुनेंगे। अंबाला छावनी क्षेत्र के निवासी इस अवधि के दौरान अपनी समस्या लेकर दोपहर 12:00 बजे से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में उनसे मिलकर अपनी समस्या रख सकते हैं। जनसमस्याओं को सुनने के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहेंगे। विज ने कहा कि ज्यादातर शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

छठा सांझी उत्सव 10 को विरासत हेरिटेज में

कुरुक्षेत्र। विरासत दि हेरिटेज विलेज जी.टी. रोड मसाना में विरासत हेरिटेज व एसोसिएशन ऑफ हरियाणवीज इन ऑस्ट्रेलिया द्वारा राज्य स्तरीय छठा सांझी उत्सव-2026 का आयोजन 10 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस उत्सव में हरियाणा के अलग-अलग कोनों से लुप्त होती सांझी कला को बचाने के लिए सैंकड़ों महिलाएं भाग लेंगी। यह जानकारी विरासत सांझी उत्सव के निदेशक अभिनव पूनिया ने दी। विरासत एएचए सांझी उत्सव के निदेशक अभिनव पूनिया ने सांझी उत्सव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 10 अक्टूबर 2026 को अमावस्या के दिन विरासत में सांझी प्रतिभागियों द्वारा सांझी लगाई जाएंगी।

नन्हेड़ा, कोड़वा कलां व बरखेड़ी में लिया जायजा

फसल अवशेषों को जलाने की बजाय बेहतर प्रबंधन कर रहे किसान

- फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन से खेत की मिट्टी की संरचना हो रही बेहतर, दूसरी फसलों को लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

धान की कटाई के बाद फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उनका उचित प्रबंधन कर किसान पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहे हैं। इसकी वजह से खेत की मिट्टी की गुणवत्ता और आगामी फसलों को भी लाभ मिल रहा है।

कई प्रगतिशील किसानों ने पराली प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों को अपनाकर इसका सफल उदाहरण प्रस्तुत किया है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने गांव नन्हेड़ा, कोड़वा कलां तथा बरखेड़ी सहित विभिन्न गांवों में खेतों का दौरा कर किसानों द्वारा अपनाई जा रही फसल अवशेष प्रबंधन की तकनीकों का जायजा लिया। इस दौरान विषय विशेषज्ञ डॉ. अमित वर्मा, खंड कृषि अधिकारी डॉ. दीपक, डॉ. कुलदीप, सहायक गन्ना अधिकारी डॉ.संकेत, व कृषि अधिकारी डॉ. अपूर्वा भी मौजूद रही। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर पराली प्रबंधन की जानकारी ली। उन्हें फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने के लिए आवश्यक तकनीकी जानकारी दी।



शहजादपुर। खेत में मौके पर पराली प्रबंधन को लेकर किसान से बातचीत करते कृषि अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

15 एकड़ में एक्स सीटू प्रबंधन अपनाया

गांव कोडवा कलां के प्रगतिशील किसान हरनेक सिंह ने करीब 15 एकड़ से अधिक धान के खेत में पराली का एक्स-सीटू प्रबंधन अपनाया है। उन्होंने बताया कि धान की कटाई के बाद आलू की फसल की बुवाई की तैयारी के लिए उन्होंने बेलर मशीन की सहायता से धान के फसल अवशेषों की गांठें बनवाईं और खेत में आवश्यक जुताई के बाद आलू की बुवाई की। हरनेक ने बताया कि फसल अवशेषों को खेत से निकालकर उपयोग करने से खेत में पराली जलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन से खेत की मिट्टी की संरचना बेहतर रहती है और आगामी फसलों को भी इसका लाभ मिलता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि धान की पराली को आग लगाने के बजाय उसका उचित प्रबंधन करें।

कई वर्षों से कर रहे पराली प्रबंधन

गांव बेरखेड़ी के किसान गगनदीप सिंह ने बताया कि उन्होंने करीब तीन एकड़ क्षेत्र में धान की कटाई के बाद पराली की मशीनों की मदद से गांठें बनवाई हैं। उन्होंने कहा कि वह पिछले कई वर्षों से फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाकर फसल अवशेष प्रबंधन कर रहे हैं। गेहूं की फसल की बुवाई के लिए वे सुपर सीडर का इस्तेमाल करते हैं, जबकि आलू की फसल लगाने के लिए बेलर मशीन से पराली की गांठें तैयार करवाते हैं। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन से उन्हें खेती में काफी लाभ मिला है तथा खेत की मिट्टी में जैविक पदार्थ की मात्रा बढऩे से मिट्टी की गुणवत्ता बेहतर होती है।

खेत में किया पराली का प्रबंधन

गांव नन्हेड़ा के किसान सुखबीर सिंह ने भी धान की पराली का उचित प्रबंधन अपनाया है। उनके खेत में धान के फसल अवशेषों को खेत में ही मिलाकर आगामी फसल की तैयारी की गई। उन्होंने बताया कि धान की पराली को जलाने के बजाय खेत में मिलाने से मिट्टी में जैविक पदार्थ बढ़ता है । गांव नन्हेड़ा में एक किसान द्वारा धान की पराली का इन-सीटू प्रबंधन करते हुए फसल अवशेषों के साथ गोबर की खाद को खेत की मिट्टी में मिलाया गया। इसके बाद आलू की फसल की बुवाई की तैयारी की जा रही है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस प्रकार फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाने से जैविक पदार्थों की मात्रा मिट्टी में बढ़ जाती है। विशेषज्ञ डॉ. अमित वर्मा ने बताया कि धान की पराली का प्रबंधन मुख्य रूप से इन-सीटू और एक्स-सीटू तकनीक से किया जा सकता है।

फसल अवशेष एकत्रित कर तैयार की जाती हैं गांठें

उन्होंने बताया कि एक्स-सीटू प्रबंधन में पराली को खेत से निकालकर उसका उपयोग अन्य कार्यों में किया जाता है। इसके लिए बेलर, रेक और स्ट्रॉ रेक जैसी मशीनों की मदद से फसल अवशेषों को एकत्रित कर गांठें तैयार की जाती हैं। इन गांठों को विभिन्न उपयोगों के लिए भेजा जा सकता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि अपनी अगली फसल और खेत की स्थिति के अनुसार कृषि विभाग के विशेषज्ञों से सलाह लेकर उपयुक्त मशीन एवं तकनीक का चयन करें। कृषि अधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को विभिन्न कृषि मशीनरी पर अनुदान/सब्सिडी उपलब्ध करवाई जाती है।

267326 क्विंटल धान की आवक, अब तक 80805 क्विंटल की खरीद

मंडी में धान के ढेर, उठान का इंतजार मंत्री ने दिए लिफ्टिंग शुरू करने के निर्देश

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंडी में खरीद व्यवस्था का किया निरीक्षण, किसानों ने धान उठान में तेजी की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

अनाज मंडी में धान की बंपर आवक के बीच खरीदी गई फसल के उठान को लेकर किसानों और आढ़तियों की चिंता बुधवार को कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के सामने पहुंची। मंडी का दौरा करने पहुंचे मंत्री ने खरीद व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को बुधवार शाम तक खरीदी गई धान की लिफ्टिंग शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि खरीद के बाद फसल मंडी में पड़ी नहीं रहनी चाहिए और उठान में अनावश्यक देरी से किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। मंत्री ने मंडी में किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर धान की खरीद, तोल, उठान और भुगतान की स्थिति जानी। इस दौरान किसानों और आढ़तियों ने खरीदी जा चुकी धान का समय पर उठान कराने की मांग रखी। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मार्केट कमेटी सचिव राहुल मेव के अनुसार अनाज मंडी में अब तक 2,67,326 क्विंटल धान की आवक हो चुकी है, जबकि 80,805 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। धान की खरीद 2,461 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी पर की जा रही है। ऐसे में मंडी में लगातार बढ़ रही आवक के बीच खरीदी गई फसल का समय पर उठान चुनौती बना हुआ है। मौके पर एसडीएम सतिंद्र सिवाच, मंडी बोर्ड चेयरमैन कुलराज शर्मा, मार्केट कमेटी सचिव राहुल मेव, मंडी बोर्ड उप चेयरमैन योगेश कुमार, मंडी एसोसिएशन प्रधान कंवरजीत सिंह, कुणाल अग्रवाल सहित कृषि विभाग के अधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बराड़ा। अधिकारियों को निर्देश देते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। *फोटो : हरिभूमि*

अनाजमंडी में खरीद से भुगतान तक पूरी प्रक्रिया रखी जाए पारदर्शी और सुचारू, नहीं होगी परेशानी

राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में खरीद से लेकर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू रखी जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी स्तर पर अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए और भुगतान एमएसपी के अनुसार सीधे किसानों के खातों में सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने मंडी की सफाई और आवागमन व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान के ढेर और वाहनों के दबाव के कारण मंडी व आसपास की सड़कों पर यातायात बाधित नहीं होना चाहिए। समय पर लिफ्टिंग होने से मंडी में नई फसल के लिए जगह भी उपलब्ध होगी।इस दौरान मंत्री ने किसानों से पराली न जलाने की अपील करते हुए कहा कि फसल अवशेषों के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए सरकार की ओर से कृषि मशीनों पर 50 प्रतिशत सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने किसानों से इसका लाभ उठाने का आह्वान किया।

भाषण प्रतियोगिता में दसवीं की दीपांशी प्रथम



- ऋषि बोधोत्सव के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

ऋषि बोधोत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं की श्रृंखला की प्रथम भाषण प्रतियोगिता में डीएवी सैनेटरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। अंबाला शहर के सोहन लाल डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय की दो छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में करीब 22 टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें डीएवी की कक्षा आठवीं की छात्रा किंजल राणा ने अपनी प्रभावशाली वाकपटुता और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग में करीब 20 टीमों के बीच कक्षा दसवीं की छात्रा दीपांशी ने अपने ओजस्वी विचारों और प्रभावशाली वक्तव्य से प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। दोनों छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने खुशी जताई। विद्यालय के प्रधानाचार्य जयदेव शर्मा ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने वाली ऐसी प्रतियोगिताएं उनके आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति कौशल और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने दोनों छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

स्वास्थ्य जांच शिविर में छात्रों को दिया स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश

अंबाला। सेवा संकल्प अभियान के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) एट होली में बुधवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एमएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से पहुंची विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने संस्थान के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच की तथा आवश्यकता के अनुसार उचित उपचार एवं सावधानियों को लेकर परामर्श दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच बेहद जरूरी है। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही बेहतर शिक्षा, कार्यक्षमता और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हित में भविष्य में भी स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन में ओवरऑल इंचार्ज सुलतान सिंह, उप-प्रधानाचार्य, कैंप कोऑर्डिनेटर धर्मपाल, हरिचंद सहित संस्थान के अन्य स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।





इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर से 84% तक घट सकता है डीजल का खर्च, प्रदेश के 4 जिलों में 11 महीने चला परीक्षण

चंडीगढ़। इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन द्वारा आज 'अर्बन अड्डा 2026' में जारी एक नए वास्तविक-प्रदर्शन पायलट अध्ययन के अनुसार, इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर डीजल ट्रैक्टरों की तुलना में उतने ही या उससे भी कम समय में खेत का काम पूरा कर सकते हैं, जबकि प्रति एकड़ ऊर्जा लागत में 64% से 84% तक की कटौती करते हैं।भारत में अपनी तरह का यह पहला 11 महीने का अध्ययन, चार हरियाणा जिलों में चार निर्माताओं के पाँच ई-ट्रैक्टर मॉडलों पर आधारित था, जिसमें जुताई, बुवाई, फसल अवशेष प्रबंधन (पराली प्रबंधन) और परिवहन संचालन को शामिल किया गया। यह पायलट प्रोजेक्ट ई-ट्रैक्टर के वास्तविक प्रदर्शन पर मैदानी परीक्षण के प्रमाण तैयार करने वाले शुरुआती प्रयासों में से एक है—यह एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ अब तक के दावे वास्तविक कृषि परिस्थितियों के बजाय मुख्य रूप से निर्माताओं के विनिर्देशों पर ही निर्भर रहे हैं। अर्बन अड्डा में लॉन्च की गई यह स्टडी, जयेश रंजन, आईएएस विशेष मुख्य सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी, और शहरी एवं महानगरीय विकास, और डॉ. देबोलिना कुंडु, निदेशक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स द्वारा जारी की गई है। यह अध्ययन ऐसे समय में आया है जब धान की कटाई शुरू हो रही है और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पराली जलाने का खतरा फिर से लौट आया है। अध्ययन में पाया गया कि स्ट्रॉ बेलर चलाने वाला एक इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर डीजल ट्रैक्टर की तुलना में प्रति घंटे 17% अधिक बेल्स बनाता है, जबकि लगभग एक-तिहाई ऊर्जा का उपयोग करता है, जिससे फसल अवशेष प्रबंधन अधिक स्वच्छ, सस्ता और तेज हो जाता है।

देश के हर शहर और गली-मोहल्ले तक जाएगी सेवा ज्योति यात्रा: विज

- मोदी ने साल 2001 में ली थी गुजरात में सीएम की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कांग्रेस की स्कैम करने वाली सरकार को हटाकर भारतीय जनता पार्टी की सेवा करने वाली सरकार बनाई है। उन्होंने कहा 2047 का विकसित भारत सिर्फ सरकार का नहीं, हम सभी संकल्प है। विज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 25 साल जनसेवा में पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत अंबाला शहर पुलिस लाइन में सेवा ज्योति यात्रा कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री बतौर मुख्यातिथि पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2001 को भारत माता के लाल नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। तब से अब तक सार्वजनिक जीवन में सेवा करते हुए 25 वर्ष पूर्ण हुए है। इसके उपलक्ष्य में देशभर में सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा सेवा-संकल्प में दो शब्द हैं, एक सेवा है और एक संकल्प है कि हम किस क्षेत्र में कहां कौन सी सेवा कर सकते है उसका हर नागरिक संकल्प ले कि हम सेवा करेंगे। मंत्री अनिल विज ने कहा कि हमने सभी ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना है। जो उपलब्धियां हमने हासिल की हैं। जो हमारे अगले ऊंचे लक्ष्य तय किए गए हैं। हर जगह पर उन्होंने मैं नहीं बल्कि हम कहा है जिसमें वो भी है मैं भी हूं।



अंबाला। यात्रा में जोश का संचार करते मंत्री अनिल विज व अन्य।

42 बसों के काफिले में पहुंचे कार्यकर्ता

उन्होंने कहा कि यहां जो चौक बनाया गया है जहां इसे स्थापित किया जाएगा ताकि दीए से दीया, ज्योत से ज्योत जला दो, देश में कहीं भी अंधेरा है तो उसे मिटा दो, ये इस यात्रा का संदेश है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अंबाला छावनी से सैकड़ों की संख्या में 42 बसों के काफिले में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल, पूर्व विधायक पवन सैनी, नगर निगम मेयर अक्षिता सैनी, नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, जिलाध्यक्ष मनदीप राणा के अलावा बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सस्ते दाम पर मार्बल टेक्सचर पेंट उपलब्ध करवाने का झांसा देकर 95,680 रुपये की ठगी

अंबाला। फेसबुक पर सस्ते दामों पर मार्बल टेक्सचर पेंट और 15 साल की गारंटी का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक सरकारी कर्मचारी से धोखाधड़ी कर दी। जालसाजों ने पीड़ित को फर्जी वॉइस मैसेज भेजकर अलग-अलग किस्तों में 95,680 रुपये ठग लिए। गांव ढलीपगढ़ के जसविंदर सिंह ने पुलिस को बताया कि 2 अक्तूबर को फेसबुक चलाते समय उन्हें मार्बल टेक्सचर पेंट्स नाम का एक विज्ञापन दिखा। इस पर व्हाट्सएप नंबर दिया गया था। पीड़ित ने सामग्री की जानकारी ली तो उधर से रंग के शेड्स, डिब्बे के दाम,15 साल की गारंटी और जीएसटी बिल देने का झांसा दिया गया। मकान का क्षेत्रफल पूछने के बाद आरोपियों ने 20-22 डिब्बों की आवश्यकता बताते हुए कुल बिल लगभग 30 हजार रुपये बनाया और सामान वापस लेने का वादा किया। इसके बाद आरोपियों ने एडवांस पेमेंट और एकमुश्त भुगतान के लिए स्कैनर भेजा। जब पीड़ित के गूगल पे से एक बार में पूरी राशि ट्रांसफर नहीं हुई तो ठगों ने छोटी-छोटी किस्तों में पैसे भेजने की सलाह दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

बैठक में ड्यूटी आवंटन और कार्य प्रकृति की जानकारी ली

सफाई कर्मी के आकस्मिक निधन पर परिवार के सदस्य को मिलेगी नौकरी

राष्ट्रीय आयोग के सदस्य ने अधिकारियों को अनुकंपा पर पीड़ित परिवारों को नौकरी देने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य करम सिंह कर्मा तथा हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य एडवोकेट संजीव घारू ने बुधवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन में सफाई व्यवस्था, सफाई कर्मचारियों की कार्य परिस्थितियों तथा उनसे संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस मौके पर उपायुक्त, एसडीएम दर्शन कुमार, अतिरिक्त निगम आयुक्त दीपक सूरा, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, जिला कल्याण अधिकारी शीशपाल भी मौजूद रहे। आयोग के सदस्य करम सिंह कर्मा ने उपस्थित नगर निगम, नगर परिषद, नगरपालिका व ग्रामीण सफाई कर्मचारियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं, कार्य व्यवस्था, वेतन, सुरक्षा उपकरणों तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिस पर उन्होंने अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारियों के आकस्मिक निधन के बाद उनके परिवार के सदस्य को अनुकम्पा के आधार पर नौकरी दी जाए। आयोग के सदस्य ने अधिकारियों से सफाई कर्मचारियों के ड्यूटी आवंटन, कार्य प्रकृति तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। सफाई कर्मचारियों से बातचीत के दौरान वेतन, एरियर तथा अन्य सेवा संबंधी विषय बारे भी उनसे जानकारी ली गई। इस पर आयोग सदस्य ने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों की समीक्षा कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने तथा पात्र कर्मचारियों को समयबद्ध लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



अंबाला। अधिकारियों की मीटिंग लेते राष्ट्रीय सफाई आयोग के सदस्य।

पेपर मेसी टॉय पर कागज से बनाई 3डी कलाकृतियां

अंबाला। आचार्य रघुबीर पीजी कॉलेज में फाइन आर्ट्स विभाग द्वारा पेपर मेसी टॉय विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को पेपर मेसी तकनीक के माध्यम से विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां एवं 3डी मूर्तियां बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। फाइन आर्ट विभाग के अध्यक्ष डॉ. रणदीप सिंह ने बताया कि माता सुंदरी खालसा गर्ल्स कॉलेज, निसिंग की प्रो. ओशीन सूरी ने विद्यार्थियों को पेपर मेसी की विभिन्न तकनीकों, सामग्री के प्रयोग तथा 3 डी कलाकृतियों के निर्माण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने वर्कशॉप में स्वयं विभिन्न कलाकृतियां तैयार की, जिन्हें उपस्थित सभी लोगों ने खूब सराहा।



The Postal and RMS Employees Co-operative Bank Ltd. Ambala
6070/10, 14 Idgah Road Ambala Cantt., - 133001, Haryana
Website: postalrms.bank.in; Email: hrd@postalrms.bank.in
A Multi State Co-Operative Society registered under the MSCS, Act 2002

NOTICE OF CANCEL

With reference to the Bank recruitment advertisement dated 22.07.2026 whereby applications for different cadre regular posts were invited, it is being brought to the notice of all, that said advertisement stands cancelled by the decision of the Board, with immediate effect. Consequently, the recruitment process for the said posts stand as cancelled.
All the applicants against the post advertised vide advertisement dated 22.07.2026 may take note. No separate or individual communication in this regard shall be made by the Bank.
08.10.2026 Chief Executing Officer